# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

गुरुवार
7 ,मई , 2026

वर्ष 2, अंक 93 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com







## नालंदा में उर्वरक कालाबाजारी पर बड़ी कार्रवाई, सोलह दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा जिले में किसानों को उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला कृषि पदाधिकारी के नेतृत्व में मई माह के दौरान सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारियों एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उर्वरक वितरण व्यवस्था, स्टॉक पंजी, बिक्री रजिस्टर और किसानों को की जा रही बिक्री की गहन जांच की गई।

जांच के क्रम में कई प्रतिष्ठानों में अनियमितता सामने आई। पूर्व में दो उर्वरक दुकानों में गड़बड़ी पाए जाने पर उनके लाइसेंस निलंबित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद 5 मई 2026 को हुई विस्तृत समीक्षा और जांच में यह पाया गया कि कई प्रतिष्ठानों द्वारा एक ही किसान को निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में उर्वरक की बिक्री की गई। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए जिला कृषि विभाग ने 16 उर्वरक प्रतिष्ठानों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए तथा संबंधित संचालकों से स्पष्टीकरण मांगा गया।

निलंबित किए गए प्रतिष्ठानों में अयांश ट्रेडर्स, लक्ष्मी खाद भंडार, हरिनारायण खाद भंडार, किसान खाद भंडार, पूजा ट्रेडर्स, हरितक्रांति खाद भंडार, श्रीराम ट्रेडर्स और शुभम ट्रेडर्स सहित अन्य प्रतिष्ठान शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त चार अन्य प्रतिष्ठानों से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। इनमें सागर इंटरप्राईजेज, माँ भवानी ट्रेडर्स, कृष्णा ट्रेडर्स तथा केशोपुर पंचायत पैक्स लिमिटेड शामिल हैं।

जिला कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। 6 मई 2026 को डीबीटी पोर्टल पर उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार जिले में 8850 मीट्रिक टन यूरिया तथा 2402 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही निर्धारित मात्रा में उर्वरक खरीदें तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी या अनियमितता की सूचना तुरंत कृषि विभाग को दें।

जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा और उर्वरक वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेगा। दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## लोक अदालत जागरूकता रथ रवाना, हजारों मामलों के त्वरित निपटारे पर जोर



रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली द्वितीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय परिसर से जागरूकता रथ रवाना किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह मल्होत्रा ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को लोक अदालत के महत्व और सुलहनीय मामलों के त्वरित निष्पादन के प्रति जागरूक करेगा।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन को लेकर न्यायिक पदाधिकारी लगातार मामलों की पहचान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्री-लिटिगेशन के तहत 10 हजार 786 मामलों तथा पोस्ट-लिटिगेशन के करीब 6 हजार 500 मामलों को चिन्हित किया गया है, जिनका निपटारा लोक अदालत में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस बार ट्रैफिक चालान से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए विशेष बेंच का गठन किया गया है, जिससे लोगों को शीघ्र राहत मिल सकेगी। लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति और सुलह के आधार पर मामलों का सरल, सस्ता और त्वरित समाधान किया जाता है।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आम लोगों से अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत में भाग लेकर अपने मामलों का निष्पादन कराने की अपील की। जागरूकता रथ जिलेभर में घूमकर लोगों को इस अभियान से जोड़ने का कार्य करेगा।

## रिश्वत लेते महिला पर्यवेक्षिका गिरफ्तार, निगरानी ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई से हड़कंप

नगरनौसा (अपना नालंदा)। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने बुधवार को नालंदा जिले के नगरनौसा प्रखंड में बड़ी कार्रवाई करते हुए आंगनबाड़ी महिला पर्यवेक्षिका सुषमा कुमारी को 3,200 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय स्थित उनके आवास से की गई।

जानकारी के अनुसार, कंचन भवन वन केंद्र संख्या-28 की सेविका बेबी कुमारी ने निगरानी ब्यूरो से शिकायत की थी कि पर्यवेक्षिका पोषाहार पंजी में हस्ताक्षर एवं अन्य सरकारी कार्यों के निष्पादन के बदले अवैध राशि की मांग कर रही थीं। आरोप था कि 15,747 रुपये की राशि का 20 प्रतिशत हिस्सा कमीशन के रूप में मांगा गया था, साथ ही हर माह 3,200 रुपये अलग से देने का दबाव बनाया जा रहा था।शिकायत के सत्यापन के बाद पुलिस उपाधीक्षक शशि शेखर चौधरी के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम गठित की गई। बुधवार को जैसे ही सेविका ने तय राशि सुषमा कुमारी को सौंपी, पहले से मौजूद निगरानी टीम ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार समेत कई अधिकारी शामिल थे।

गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम ने प्रखंड परिसर स्थित आवास पर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की और आरोपी महिला पर्यवेक्षिका को अपने साथ पटना ले गई। इस कार्रवाई से बाल विकास परियोजना कार्यालय सहित पूरे प्रखंड मुख्यालय में हड़कंप मच गया।

## सड़क चौड़ीकरण कार्य रोका, मुआवजा और नापी को लेकर ग्रामीणों का हंगामा



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय-सिलाव भाया बेगमपुर पथ के चौड़ीकरण कार्य को बुधवार को ग्रामीणों ने रोक दिया। मामला नूरसराय के जगदीशपुर तियारी मौजा का है, जहां ग्रामीणों ने बिना पूर्व सूचना खेतों में जेसीबी चलाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

कार्य बाधित होने की सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी दीपक कुमार एवं थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ निर्माण स्थल पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि शुरुआत में ग्रामीण किसी बात को सुनने को तैयार नहीं थे।

ग्रामीणों का कहना था कि उनकी खेती योग्य जमीन, जो जीविका का मुख्य साधन है, उसे जबरन अधिग्रहित किया जा रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के कारण उनके खेतों के साथ घर भी प्रभावित हो रहे हैं, जबकि मुआवजा बेहद कम दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने पूर्व में हुई जमीन की नापी को भी गलत बताया।

सीओ दीपक कुमार ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद दोबारा नापी कराने का निर्देश दिया। साथ ही भू-अर्जन विभाग के अमीन एवं क्लर्क को सही तरीके से अवार्ड निर्गत करने की प्रक्रिया पूरी करने को कहा। प्रशासन द्वारा आश्वासन मिलने के बाद स्थिति सामान्य हुई। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि उचित मुआवजा और सही मापी के बिना निर्माण कार्य स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# वेदों से जुड़ा है संगीत का मूल स्वरूप, अभ्यास वर्ग में बोले विद्वान



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पूज्य तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर, हसनपुर (राजगीर) में बुधवार को भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति, बिहार द्वारा आयोजित प्रांतीय वंदना एवं संगीत अभ्यास वर्ग 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर-पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम एवं नव नालंदा महाविहार के प्रोफेसर विजय कर्ण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

अतिथियों का स्वागत एवं परिचय विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य रामजी प्रसाद सिन्हा ने कराया, जबकि कार्यक्रम की प्रस्ताविकी विभाग निरीक्षक उमाशंकर पोद्दार ने प्रस्तुत की।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रोफेसर विजय कर्ण ने संगीत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगीत में राग, रागिनी, ताल तथा आरोह-अवरोह का विशेष महत्व है और इसकी उत्पत्ति वेदों से हुई है। वहीं क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम ने कहा कि वंदना का शुद्ध अभ्यास आवश्यक है, क्योंकि वंदना समाज को जोड़ने का कार्य करती है। उन्होंने विद्यालयों में इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम का मंच संचालन वीरेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगीत संयोजक संजीव कुमार पाठक, प्रांत संयोजक राधारमण मिश्र, सह-संयोजक पवन कुमार पंजियारा सहित बिहार के विभिन्न विद्यालयों से आए 64 आचार्य एवं दीदीजी उपस्थित रहे

# तेज रफ्तार कार ट्रक से टकराई, युवक की मौत, पांच गंभीर रूप से घायल



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। रजरप्पा से लौटने के दौरान मंगलवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रजौली टोल टैक्स के पास रात करीब 11 बजे हुआ, जब तेज रफ्तार मारुति स्विफ्ट डिजायर कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के बिरनावां गांव निवासी अरविंद प्रसाद के 27 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है।

घायलों में धर्मराज यादव, लालटुस यादव, सूरज कुमार, महीप कुमार और रविकांत कुमार शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया।

घायल महीप कुमार ने बताया कि कार काफी तेज गति में थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके कारण यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही रंजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।









# विद्यालय भवन निर्माण में गड़बड़ी उजागर, जमीन विवाद से बढ़ी बच्चों की परेशानी




चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। प्रखंड के मध्य विद्यालय कुरथिया में भवन निर्माण को लेकर गंभीर अनियमितता और जमीन विवाद का मामला सामने आया है। सरकारी अमीन द्वारा की गई जमीन की मापी में खुलासा हुआ कि विद्यालय भवन निर्धारित जमीन के बजाय दूसरे प्लॉट पर बना दिया गया है। इससे बच्चों की पढ़ाई और विद्यालय के भविष्य पर संकट गहरा गया है।

जानकारी के अनुसार, ग्रामीण सुनील राम एवं उनके परिजनों ने विद्यालय की जमीन पर दावा जताया था। इसके बाद प्रशासन के निर्देश पर बुधवार को सरकारी अमीन द्वारा स्थल की नापी कराई गई। जांच में सामने आया कि विद्यालय भवन प्लॉट संख्या 2471 में स्थित है, जबकि विद्यालय निर्माण के लिए दान में दी गई जमीन प्लॉट संख्या 2472 में दर्ज है।

ग्रामीणों ने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए कहा कि गलत जमीन पर भवन निर्माण होने से भविष्य में बड़ा कानूनी विवाद खड़ा हो सकता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो विद्यालय संचालन प्रभावित हो सकता है, जिसका सीधा असर बच्चों की शिक्षा पर पड़ेगा।

वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक इंद्रजीत कुमार ने बताया कि अमीन की मापी में विद्यालय भवन दोनों प्लॉट संख्या 2471 और 2472 में आंशिक रूप से फैला पाया गया है। उन्होंने बताया कि प्लॉट संख्या 2472 विद्यालय के लिए दान में दी गई थी। मामले में अब वरीय अधिकारियों के निर्देश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस घटना ने शिक्षा विभाग और प्रशासन की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# छह वर्षों से फरार टॉप अपराधी गिरफ्तार, लूटकांड में पुलिस को मिली सफलता



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। चंडी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के टॉप-10 अपराधियों में शामिल एक कुख्यात फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तेल्हारा बाजार में छापेमारी कर आरोपी को दबोचा। गिरफ्तार अपराधी की पहचान जहानाबाद जिले के घोषी थाना क्षेत्र के मिल्कीपर गांव निवासी मंटु बिंद के रूप में हुई है।

थानाध्यक्ष अखिलेश झा ने बताया कि आरोपी चंडी थाना कांड संख्या 488/20 का नामजद अभियुक्त था और पिछले करीब छह वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी, लेकिन वह बार-बार ठिकाना बदलकर गिरफ्तारी से बचता रहा।

जानकारी के अनुसार, 15 अक्टूबर 2020 की रात आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक बाइक सवार युवक को रास्ते में रोक लिया था। बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट कर नकदी और मोबाइल लूट लिया था। पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी।


हाल ही में पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी तेल्हारा बाजार में मौजूद है। इसके बाद विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि इस कांड में शामिल सभी आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप है, जबकि स्थानीय लोगों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की है।









# दो दिवसीय कलमबंद हड़ताल के पहले दिन कर्मचारियों ने भरी हुंकार



हिलसा (अपना नालंदा)। श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा में शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ द्वारा बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर बुधवार से शुरू हुई दो दिवसीय कलमबंद हड़ताल का पहले दिन मिला-जुला असर देखने को मिला। हड़ताल के कारण महाविद्यालय के प्रशासनिक कार्य आंशिक रूप से प्रभावित रहे, जबकि आवश्यक सेवाएं सीमित रूप में संचालित होती रहीं।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आंदोलन वेतनमान, सेवा शर्तों, भत्तों एवं अन्य लंबित मांगों को लेकर किया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना था कि लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है, जिससे उनमें असंतोष बढ़ता जा रहा है।

मुख्य संरक्षक अरुण प्रसाद, संरक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव, अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार नयन, सचिव शैलेश कुमार समेत अन्य वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार मांगों पर विचार नहीं करती है तो आंदोलन को और तेज करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। कर्मचारियों ने संविदा, आउटसोर्सिंग एवं वोकेशनल कोर्स कर्मियों की सेवा नियमित करने की भी मांग उठाई।हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने महाविद्यालय परिसर में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन कर एकजुटता दिखाई। मांगों से संबंधित ज्ञापन प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह को सौंपा गया, जिसे पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय प्रशासन को भी भेजा गया। कार्यक्रम में एनएसएस पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विद्यालय परिसर में मिट्टी ढुलाई पर पुलिस सख्त, ट्रैक्टर चालक को चेतावनी



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। शिक्षा विभाग के निर्देशों के बावजूद विद्यालय परिसर में भारी वाहनों के प्रवेश का मामला सामने आने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चालक को कड़ी चेतावनी दी। मामला टेकनारायण प्लस टू विद्यालय, बादी का है, जहां विद्यालय संचालन के दौरान परिसर से होकर ईंट भट्ठे के लिए लगातार मिट्टी की ढुलाई की जा रही थी।

बताया गया कि ट्रैक्टरों के लगातार आवागमन से विद्यालय परिसर में धूल का गुबार फैल रहा था और तेज शोरगुल के कारण पठन-पाठन प्रभावित हो रहा था। शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय समय में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाए जाने के बावजूद नियमों की अनदेखी की जा रही थी।

मामले की जानकारी विद्यालय के ही एक छात्र ने मोबाइल फोन के माध्यम से स्थानीय थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विद्यालय पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। जांच के दौरान विद्यालय परिसर में मिट्टी ढुलाई की पुष्टि होने पर उन्होंने ट्रैक्टर चालक को फटकार लगाई और विद्यालय समय में वाहन नहीं लाने की सख्त हिदायत दी।

थानाध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि दोबारा नियमों का उल्लंघन होने पर ट्रैक्टर जब्त कर चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से विद्यालय प्रशासन, छात्र और अभिभावकों ने राहत महसूस की है।

स्थानीय लोगों ने भी बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं हो, इसके लिए नियमों के सख्ती से पालन की मांग की है।






# 15 सूत्री मांगों को लेकर किसान कॉलेज कर्मियों की कलमबंद हड़ताल जारी




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार के पारंपरिक विश्वविद्यालयों और लगभग 250 अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षकेतर कर्मचारियों ने अपनी 15 सूत्री मांगों के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में किसान कॉलेज, सोहसराय (नालंदा) के शिक्षकेतर कर्मी बुधवार को कलमबंद हड़ताल पर डटे रहे और सामूहिक धरना दिया। महासंघ की बैठक में मुख्य संरक्षक गंगा प्रसाद झा, अध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह तथा महामंत्री वेंकटेश कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि वेतन कोषांग की मनमानी, सेवा शर्तों में विसंगतियां, लंबित पदोन्नति, स्थायीकरण समेत कई महत्वपूर्ण समस्याएं वर्षों से लंबित हैं। कई बार सरकार और संबंधित विभागों से वार्ता एवं आग्रह के बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 6 और 7 मई 2026 को राज्यभर के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकेतर कर्मचारी कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे। इसके बाद 20 मई को विश्वविद्यालय मुख्यालयों पर कुलपति के समक्ष व्यापक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं जुलाई माह में बिहार विधानमंडल के समक्ष राज्यस्तरीय विशाल धरना आयोजित करने की योजना बनाई गई है।

धरना कार्यक्रम में किसान कॉलेज की अध्यक्ष श्रीमती रश्मि रानी, सचिव एस. एम. अताउर रहमान, शिवेंद्र कुमार सिंह, महेश कुमार सिंह, दीपक Kumar, मधुसुदन कुमार, राजीव रंजन सिन्हा, नीरज कुमार, विमलेश कुमार, दिलीप कुमार, अमरनाथ प्रसाद एवं श्रीमती कान्ति देवी सहित अन्य शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद रहे।

# बेनार में श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। अस्थावां प्रखंड के अमावाँ पंचायत स्थित बेनार क्षेत्र इन दिनों पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। यहां आयोजित श्रीमद् भागवत कथा श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। कथा स्थल पर सजे आकर्षक पंडाल, भक्ति संगीत और धार्मिक माहौल से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर दिखाई दे रहा है। कथा वाचन कर रही साध्वी रूपम राघव जी अपने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और मानव जीवन के मूल्यों का संदेश दे रही हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा को जीवन में आत्मसात कर सदमार्ग पर चलने से समाज, देश और दुनिया का कल्याण संभव है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, धर्म, सत्य और मानवता के महत्व को विस्तारपूर्वक बताया जारहा है, जिसे सुनने के लिए प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

इस अवसर पर अमावाँ पंचायत के मुखिया



प्रशांत कुमार उर्फ राजा बाबू ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और लोगों को सही दिशा एवं मार्गदर्शन मिलता है। उन्होंने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को आध्यात्मिक रूप से जागरूक करना और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करना है।

यह धार्मिक आयोजन 5 मई से 11 मई 2026 तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्वी जिला परिषद सदस्य पुरुषोत्तम उर्फ पप्पू कुमार, मुखिया प्रतिनिधि तथा सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।






# 17 मई को पावापुरी में जिला वुशु चैंपियनशिप, खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम



रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से नालंदा जिला वुशु संघ द्वारा 5वीं नालंदा जिला सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वुशु चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता आगामी 17 मई को टी.एम. विद्या मंदिर, पावापुरी में आयोजित होगी।

इस चैंपियनशिप में जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और खेल क्लबों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में अलग-अलग भार वर्गों के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा और कौशल दिखाने का बेहतरीन अवसर मिलेगा।

आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय वुशु चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 5, 6 और 7 जून 2026 को भागलपुर में आयोजित होगी, जहां चयनित खिलाड़ी नालंदा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

नालंदा जिला वुशु संघ ने जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और खेल संस्थानों से अधिक से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित कराने की अपील की है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन से जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर प्राप्त होगा।

# बिहार खेल विश्वविद्यालय में नामांकन आवेदन की तिथि 15 मई तक बढ़ी

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर ने सत्र 2026-27 में विभिन्न खेल पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब अभ्यर्थी 15 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकेंगे। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 8 अप्रैल 2026 निर्धारित थी।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि शारीरिक शिक्षा एवं खेल में स्नातक (बीपीईएस), खेल प्रशिक्षण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएससी) तथा खेल प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएसएम) पाठ्यक्रमों में नामांकन लिया जाएगा। बीपीईएस पाठ्यक्रम चार वर्षीय होगा, जिसमें कुल 50 सीटें निर्धारित हैं।

वहीं पीजीडीएससी पाठ्यक्रम में 100 सीटें उपलब्ध हैं। इसमें एथलेटिक्स, क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबॉल तथा वॉलीबॉल खेल शामिल हैं और प्रत्येक खेल में 20-20 सीटें निर्धारित की गई हैं।

पीजीडीएसएम पाठ्यक्रम में 20 सीटों पर नामांकन होगा।

विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि पीजीडीएससी पाठ्यक्रम खेल विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना के अनुरूप संचालित किया जा रहा है तथा यह एनएसएनआईएस पटियाला, एलएनआईपीई ग्वालियर और अन्य प्रतिष्ठित खेल संस्थानों के समकक्ष है। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट चितरंजन कुमार चंडी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के कचहरिया गांव में सोमवार की देर शाम आई तेज आंधी एक परिवार के लिए जानलेवा साबित हुई। आंधी के दौरान ताड़ के पेड़ का भारी पत्ता टूटकर गिरने से एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान रामेश्वर रविदास की 60 वर्षीय पत्नी लीला देवी के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे अचानक मौसम बिगड़ गया और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान लीला देवी घर के बाहर बने चूल्हे को बचाने के लिए उसे ढंकने निकली पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

नामांकन प्रक्रिया, पात्रता, शुल्क एवं अन्य जानकारियों के लिए अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट नियमित रूप से देखने की सलाह दी गई है।






## संपादकीय

जे पी चौधरी



# गंगोत्री से गंगासागर तक भगवा लहर, बदले देश की राजनीति के समीकरण

बंगाल में भाजपा का खेला काम कर गया। ऐसा भी नहीं है कि तीन बार से सत्ता पर काबिज बंगाल की शेरनी ममता से जनता का मोहभंग हाल-फिलहाल की घटना है। भाजपा ने दशकों से आक्रामक रणनीति से चुनावी तैयारी की है। केंद्र सरकार के तमाम संसाधनों का गाहे-बगाहे प्रयोग किया। बंगालियों को रास आने वाले तमाम विमर्श गढ़े और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिये लाखों मतदाताओं को बाहर का रास्ता दिखाया। मोदी-शाह की आक्रामक रणनीति के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ता स्तर पर गहन अभियान चले। फिलहाल, गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा का शासन हो गया है। गंगा के प्रवाह के साथ बहने वाले झारखंड को छोड़ दें तो बाकी राज्य भगवामय हैं। जहां बंगाल में पहली बार कमल खिला है, वहीं तमिलनाडु में थलापति के नाम से चर्चित सुपरस्टार विजय की दमदार एंट्री हुई है। उन्होंने भी परंपरागत राजनीतिक दलों की घोषणाओं से बढ़कर लोकलुभावने वायदे किए हैं। फलत: दो ध्रुवीय द्रविड़ राजनीति सत्ता से बाहर हुई है। स्टालिन न केवल हारे हैं, बल्कि उनकी सरकार भी गई। छह दशक बाद राज्य में गैर द्रविड़ियन सरकार बनने जा रही है। हालांकि, अभी सत्ता में आने के लिये टीवीके को गठबंधन का सहारा लेना होगा। भाजपा के लिये भी पत्ते खेलने के अवसर हैं। जहां बंगाल, केरलम व तमिलनाडु में सत्ता विरोधी लहर में सरकारें धराशायी हुई हैं,वहीं असम में भाजपा की हैट्रिक बनी है। हेमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में भाजपा ने भरपूर बहुमत पाया है। पुडुचेरी में फिर एनडीए सत्ता पर काबिज हुआ है। लेकिन भाजपा की इस जीत की खुशी के बीच केरलम में कांग्रेस नीत गठबंधन की वापसी हुई है। पांच राज्यों के चुनाव परिणाम वाम दलों के लिये दु:स्वप्न हीसाबित हुए हैं, केरलम में उनका आखिर गढ़ भी हाथ से निकल गया है। हालांकि, केरलम में भाजपा ने तीन व तमिलनाडु में एक सीट जीतकर हिंदी बेल्ट की पार्टी के ठप्पे से मुक्त होने का प्रयास किया है।


इन विधानसभा चुनाव परिणामों का निष्कर्ष यह भी है कि अब क्षेत्रीय क्षत्रपों की मुखर आवाज कुंद हो गई है। जहां ममता,स्टालिन व विजयन सत्ता से बाहर हो गए हैं, वहीं शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, नीतीश कुमार, नवीन पटनायक का प्रभाव भी फीका हुआ है। वर्तमान विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद देश का 72 फीसदी भूभाग व 78 फीसदी आबादी भाजपा शासित है। अनुमान है कि अब भाजपा 'एक देश, एक चुनाव' के मुद्दे पर मुखर हो सकती है। कयास बंगाल को लेकर भी हैं कि वहां आंदोलनों के अगुवा रहे सुवेंदु अधिकारी को सत्ता की बागडोर सौंपी जाएगी, या भाजपा कोई चौंकाने वाली पहल करती है। बहरहाल, बंगाल में भाजपा ने आक्रामक चुनावी रणनीति से महज 8 फीसदी वोट प्रतिशत की वृद्धि से 131 सीटें बढ़ा ली हैं। इतना ही नहीं टीएमसी के मजबूत गढ़ों में 53 सीटें कब्जा ली हैं। बहरहाल, पहले से ही कमजोर विपक्ष को यह परिणाम बड़ा झटका है। कांग्रेस व वाम दलों से किनारा करके चलने की ममता की महत्वाकांक्षी कोशिश का लाभ भाजपा को मिला है। हां, इतना जरूर है कि दक्षिण भारत में पकड़ बनाने के लिये भाजपा को कड़ी मेहनत करनी होगी। इस बार उसे केरल की तीन व तमिलनाडु की एक सीट पर ही संतोष करना पड़ा है। वहीं केरलम में वाम मोर्चे के अंतिम किले का ध्वस्त होना और लगातार टकराव के मूड में रहने वाले स्टालिन की विदाई उसका उत्साह बढ़ाने वाले हैं। बहरहाल- ममता, विजयन और स्टालिन की हार से संकेत मिलता है कि कांग्रेस विपक्ष के कमजोर 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व करती रहेगी। लेकिन भाजपा को आने वाले समय में पंजाब में कड़ा मुकाबला करना पड़ेगा, जहां आम आदमी पार्टी व कांग्रेस अपनी जमीन मजबूत करने के प्रयासों में लगे हैं। बहरहाल,विगत में राजनीतिक हिंसा का इतिहास रखने वाले पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान उपजी कटुता को नियंत्रित करने के प्रयास बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के करने होंगे। निस्संदेह, लोकतंत्र में हिंसा की कोई भूमिका नहीं स्वीकारी जानी चाहिए।

# चंडी नगर पंचायत का सख्त आदेश, यूजर चार्ज नहीं देने पर होगी कार्रवाई

चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। शहर की स्वच्छता और जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से चंडी नगर पंचायत ने कड़ा निर्णय लिया है। अब नगर पंचायत क्षेत्र के सभी आवासीय एवं गैर-आवासीय परिसरों के लिए कचरा उठाव और नल-जल कनेक्शन पर यूजर चार्ज देना अनिवार्य होगा।नगर पंचायत की स्वच्छता पदाधिकारी शाम्भवी ने बताया कि नगर क्षेत्र के सभी घरों, दुकानों, होटल, बैंक्वेट हॉल, शोरूम, सरकारी एवं निजी कार्यालय, बैंक, शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल, क्लीनिक, वर्कशॉप तथा गोदामों से नियमित रूप से स्वच्छता शुल्क वसूला जाएगा।उन्होंने कहा कि 'हर घर नल का जल' योजना अथवा अन्य माध्यमों से जुड़े सभी उपभोक्ताओं को भी जलापूर्ति के लिए मासिक यूजर चार्ज देना अनिवार्य होगा। यह शुल्क जलापूर्ति व्यवस्था के रखरखाव और सुचारू संचालन के लिए आवश्यक बताया गया है।नगर पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि शुल्क भुगतान में लापरवाही करने वाले या सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों के खिलाफ बिहार नगरपालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसमें जुर्माना के साथ कानूनी कार्रवाई भी शामिल होगी।नगर पंचायत के इस फैसले को शहर में स्वच्छता और बेहतर जल प्रबंधन सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। प्रशासन ने लोगों से सहयोग करने और नगर क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने की अपील की है।

# जनता दरबार में एसपी ने सुनीं 14 शिकायतें, त्वरित कार्रवाई के निर्देश



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। बुधवार को जहानाबाद के पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान द्वारा आयोजित जनता दरबार में आम लोगों की कुल 14 शिकायतें सुनी गईं। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं।

पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन एवं आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान पुलिस की प्राथमिकता है।

जनता दरबार के माध्यम से लोगों को अपनी बात सीधे वरीय अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है, जिससे आमजन में विश्वास बढ़ा है। लोगों का कहना है कि इस पहल से उनकी समस्याओं के समाधान में तेजी आई है। वहीं, अपराध नियंत्रण को लेकर भी पुलिस प्रशासन लगातार सतर्क एवं सक्रिय नजर आ रहा है।

आम लोगों का मानना है कि जनता दरबार के जरिए वे अपनी शिकायतें सीधे प्रशासन तक पहुंचाकर त्वरित कार्रवाई की उम्मीद कर सकते हैं।

# आवारा कुत्तों का कहर: 50 भेड़ों की मौत, 13 घायल, पशुपालक को लाखों का नुकसान



संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)।मेसकौर प्रखंड में आवारा कुत्तों के हमले से एक पशुपालक को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है। थाना क्षेत्र के बीजूबीघा गांव में मंगलवार देर रात कुत्तों के झुंड ने भेड़ों के बाड़े पर हमला कर दिया, जिसमें लगभग 50 भेड़ों की मौत हो गई, जबकि 13 भेड़ें गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल भेड़ों का इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मनु पाल करीब 85 भेड़ों का पालन कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मंगलवार की रात तेज आंधी और बारिश के कारण उनके बाड़े का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे आवारा कुत्तों का झुंड अंदर घुस गया और भेड़ों पर हमला कर दिया।

हमले में कई भेड़ों के पेट फट गए, जबकि कई के कान और शरीर के अन्य हिस्से बुरी तरह जख्मी हो गए। कई भेड़ों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि कुछ ने बाद में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

पीड़ित मनु पाल ने बताया कि एक भेड़ की कीमत 9 से 10 हजार रुपये होती है और यही उनकी आजीविका का मुख्य स्रोत है।

उन्होंने बताया कि उनकी बेटी की शादी तय थी और भेड़ों को बेचकर ही शादी का खर्च जुटाने की योजना थी। इस घटना से उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

मनु पाल की पत्नी ने भावुक होकर कहा, "हम लोग भेड़ों को बेचकर बेटी की शादी करने वाले थे, लेकिन एक ही रात में सब कुछ खत्म हो गया।"

घटना के दौरान भेड़ों की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। सुबह बड़ी संख्या में मृत भेड़ों को देखकर पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया।

सूचना मिलने पर मेसकौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पशु चिकित्सकों की टीम ने भी पहुंचकर जांच की और नमूने लिए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

साथ ही क्षेत्र में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की है।

**जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश पर शिक्षक संघ ने उठाए सवाल**

# जनगणना और पढ़ाई :दोहरी जिम्मेदारी में पीस रहे जिले के शिक्षक, प्रेशर में त्रुटि हुई तो कार्रवाई तय



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।जनगणना कार्य को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश पर सवाल उठाते हुए परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रौशन कुमार ने तत्काल 09:30 बजे के बाद जनगणना कार्य करने संबंधी आदेश को निरस्त करने और शिक्षकों को मार्क ऑन डियूटी उपस्थिति बनाने का आदेश निर्गत करने की मांग जिलाधिकारी कुन्दन कुमार को आवेदन देकर किए है।

उन्होंने आवेदन में उल्लेख किए है की बिहार में जनगणना 2027 के प्रथम चरण (भवन व मकान सूचिकरण ) की शुरुआत विगत 02 मई से हो चुकी है, जो आगामी 31 मई 2026तक चलेगी। जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के बीच नालंदा जिला के शिक्षकों के सामने अब बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। एक ही समय में दो महत्वपूर्ण जिम्मेदारीयों का निर्वाहन करने में गलती होने की संभावना अधिक है। उन्होंने कहा की जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा के आदेशानुसार जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त शिक्षक / शिक्षिकाओं को न केवल अपने अपने क्षेत्रों में गणना कार्य करना अनिवार्य है, बल्कि उन्हें प्रति दिन सुबह 06:30 बजे से 09:30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित होकर कक्षा संचालन भी सुनिश्चित करना है।इस तरह के दोहरी जिम्मेदारी से नालंदा जिला के शिक्षकों पर ज्यादा दबाव देखा जा रहा है। उन्होंने कहा की जिला शिक्षा पदाधिकारी का यह आदेश अव्यवहारिक एवं अवैज्ञानिक है। खासकर महिला शिक्षिकाओं को अधिक परेशानी हो रही है।

उन्होंने कहा कि जनगणना सरकार का एक महत्वपूर्ण तथा समयबद्ध कार्य है। जिसे हर हाल में समय पूर्ण करना है।इसलिए जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त शिक्षकों को इस अवधि में अन्य कार्यों से मुक्त रखा जाना चाहिए।जनगणना और पढ़ाई दोनों कार्य एक साथ करवाने पर शिक्षकों से प्रेशर में त्रुटि होने की संभावना अत्यधिक है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को प्रातः कालीन विद्यालय पहुंचने के लिए सुबह 04 बजे से ही तैयारी करनी पड़ती है। जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त शिक्षक अपने घर/ निवास स्थान के नजदीक में पदस्थापित नहीं है।उन्होंने कहा कि अधिकांश शिक्षक 25-50 किलोमीटर की दूरी तय करकेविद्यालय पहुंचते हैं। जनगणना कार्य भी पदस्थापित विद्यालय से 08-09 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित भवनों और मकानों की गणना करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को सुबह 6:30 स्कूल में उपस्थिति और कक्षा लेने के बाद तुरंत जनगणना कार्य में लगना पड़ रहा है। इस भाग दौड़ में शिक्षक न तो पढ़ाई ठीक से ध्यान दे पा रहे हैं और जनगणना कार्य भीसही से नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा की शिक्षकों को इस तरह दोहरी जम्मेदारी देने के कारण जनगणना कार्य प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों में ऐसी स्थिति बन गया है कि विद्यालय आने में देर हो जाए तो शिक्षा विभाग की कार्रवाई का डर और जनगणना में गलती हो जाए तो प्रशासनिक कार्रवाई तय है। वर्तमान हालात में शिक्षक खुद को सांप-छछूंदर जैसी स्थिति में फंसा हुआ महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने जिलाधिकारी से जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त शिक्षकों को विद्यालय कार्य से मुक्त करने और जनगणना कार्य अवधि में मार्क ऑन ड्यूटी के माध्यम से उपस्थित बनाने हेतु पत्र निर्गत करने की मांग किया गया है।इस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र निरस्त करने का आदेश देते हुए जनगणना कार्य में सहयोग करने के लिए कहे। मिलने वालों में संघ के जिलाध्यक्ष रौशन कुमार के साथ सचिव सुनील कुमार व थरथरी प्रखंड के कोषाध्यक्ष दयानन्द कुमार थे।

# केवीके में 48 सप्ताह की ट्रेनिंग पूरी, 40 प्रशिक्षुओं को मिला प्रशिक्षण



हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)।स्थानीय बाजार में स्थित केवीके में नालंदा व आसपास के जिलों के मैट्रिक पास 40 प्रतिभागिय के पहले बैच की 48 सप्ताह कि ट्रेनिंग पूरी हो गई। वे अब कृषि इनपुट डीलर के रुप में काम करेंगे, जिसमें बीज, उर्वरक व कीटनाशकों के अधिकृत विक्रेता होंगे। केवीके के माध्यम से प्रतिभागियों की 48 सप्ताह की ट्रेनिंग पूरी होने पर सर्टिफिकेट दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान केवीके के आलावा एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम भी चला।वहीं

प्रशिक्षण समन्वयक सह मृदा विज्ञान के विशेषज्ञ डॉ यूएन उमेश ने बताया कि रोजगार सृजन के साथ किसानों तक कृषि की आधुनिक व उन्नत तकनीकों को पहुंचाने के लिए हैदराबाद के मैनेज द्वारा प्रायोजित देसी तकनीक की ट्रेनिंग दी गई है। कृषि एवं प्रसार सेवा में डिप्लोमा के इस कोर्स को पूरा करने के बाद प्रतिभागी कृषि इनपुट डीलर का लाइसेंस प्राप्त करने के योग्य हो जायेंगे।

समापन सत्र में नूरसराय स्थित उद्यान महाविद्यालय नालंदा के प्राचार्य डॉ रंधीर कुमार ने प्रतिभागियों को उनके कामकाज का आधार बताया। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य में किसी तरह की समस्या होने पर किसान सबसे पहले इनपुट डीलर के पास ही जाते हैं। इस वजह से इनपुट डीलरों को क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन, मिट्टी व पानी की प्रकृति के हिसाब से बीज, उर्वरक और कीटनाशकों के उपयोग की जानकारी होना आवश्यक है। ताकि वे किसानों को कृषि इनपुट उपलब्ध कराने के साथ उनका मार्गदर्शन भी कर सकें। प्राचार्य डॉ रंधीर ने बताया कि हमारा जिला आलू की खेती के लिए फेमस है। यहां 26 से 27 हजार हेक्टेयर में आलू की खेती की जाती है। आलू के साथ यहां अन्य सब्जियों के उत्पादन की काफी संभावना है। जरुरी है कि किसान जलवायु अनुकूल खेती करें। इसमें उपलब्ध संसाधनों के आलोक में बीज आदि के चिन्हित प्रभेदों का ही व्यवहार करें। उन्होंने मिट्टी की जांच के आधार पर संतुलित उर्वरकों के व्यवहार पर भी जोर दिया।

कृषि अभियंत्रण के सहायक प्राध्यापक ई मनीष कुमार ने कृषि यांत्रिकीकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मौसम में काफी उलटफेर देखने को मिल रहा है। जब पानी की जरुरत होती है तो सूखा अथवा बाढ़ की स्थिति बन जाती है। वैसे समय में यंत्रों का उपयोग कर हम समय से खेत की तैयारी, बीज की बुआई व फसल की कटनी कर सकते हैं। इससे समय के साथ लागत की बचत भी हो जाती है। कृषि यंत्रों से मिट्टी की जरुरत के अनुसार खुदाई की जाती है।इस दौरान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ सीमा कुमारी, गृह विज्ञान के विशेषज्ञ डॉ ज्योति सिन्हा, उद्यान विज्ञान के विशेषज्ञ कुमारी विभा रानी, पशु चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ विद्याशंकर सिन्हा ने प्रतिभागियों को विषय वस्तु के संबंध में उपयोगी जानकारी दी।

# नालंदा कॉलेज में छात्रों ने लिया तंबाकू मुक्त समाज निर्माण का सामूहिक संकल्प




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में बुधवार को तंबाकू मुक्त संस्थान एवं समाज निर्माण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं एनएसएस वॉलंटियर्स को तंबाकू और नशीले पदार्थों से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्त भारत अभियान से जोड़ते हुए तंबाकू मुक्त पीढ़ी के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने कहा कि तंबाकू सेवन आज देश के सामने गंभीर जनस्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। इसके कारण प्रतिवर्ष लाखों लोगों की मृत्यु हो रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को जागरूक कर ही इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। निरंतर जागरूकता, सामुदायिक भागीदारी और सामाजिक सहयोग से नशा मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है।एनएसएस समन्वयक डॉ. बिनीत लाल ने उपस्थित लोगों को तंबाकू मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाते हुए कहा कि नशीले पदार्थों की लत व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य ऐसे युवा तैयार करना है जो शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त हों।प्राचार्या ने छात्रों से गुटखा, पान मसाला और सिगरेट जैसे पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने की अपील की। मौके पर डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. शशांक शेखर झा, डॉ. कुमार श्वेतांक सहित कई शिक्षक एवं एनएसएस वॉलंटियर्स मौजूद रहे।

# देसी शराब मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। बेन थाना पुलिस ने मुख्य बाजार क्षेत्र से फरार चल रहे शराब मामले के आरोपी गुड्डू मांझी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुरशरणपुर निवासी गया मांझी के 35 वर्षीय पुत्र गुड्डू मांझी के रूप में हुई है।

गिरफ्तारी करने वाले पुलिस पदाधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि 19 अप्रैल को आरोपी के घर छापेमारी के दौरान चार लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई थी। हालांकि उस समय आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल हो गया था।

लगातार तलाश के बाद पुलिस ने उसे बेन मुख्य बाजार से गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# नालंदा में सोलर लोन मेले का आयोजन, 93 आवेदकों के ऋण हुए स्वीकृत



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बुधवार को विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, बिहारशरीफ कार्यालय परिसर में भव्य सोलर लोन मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करना तथा सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराकर अधिक से अधिक घरों में सोलर संयंत्र स्थापित कराने को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्युत अधीक्षण अभियंता मनीष कांत द्वारा जिलाधिकारी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करने के साथ हुई। इसके बाद जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त शुभम कुमार एवं बैंक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया।

जिलाधिकारी ने मेले में लगाए गए विभिन्न बैंकों और सोलर कंपनियों के स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सोलर उपकरणों, ऋण प्रक्रिया और उपभोक्ताओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही बैंक प्रतिनिधियों से बैठक कर ऋण स्वीकृति में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की तथा प्रक्रिया को और सरल व पारदर्शी बनाने का निर्देश दिया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर स्थित मीटर जांच लैब का भी निरीक्षण किया और मीटर जांच की पूरी प्रक्रिया को देखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को मीटर जांच के लाभ और उसकी पारदर्शिता की जानकारी दी जाए, ताकि मीटर संबंधी किसी प्रकार की भ्रांति उत्पन्न न हो।विद्युत अधीक्षण अभियंता मनीष कांत ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में नालंदा जिला पूरे बिहार में दूसरे स्थान पर पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि जागरूक उपभोक्ताओं और सोलर संवेदकों के सहयोग से यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि पहले जहां बैंकों द्वारा 42 प्रतिशत ऋण आवेदन अस्वीकृत किए जा रहे थे, वहीं अब यह दर घटकर 21 प्रतिशत रह गई है।इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा 15 उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर सोलर संयंत्र लगाने के लिए स्वीकृत ऋण के चेक प्रदान किए गए। लाभुकों में श्रीमती पुष्पा सिन्हा, हिरोमनी पासवान, अखिलेश प्रसाद, धर्मराज प्रसाद, बिक्रम कुमार, संदीप कुमार, वीरेंद्र कुमार, राकेश रंजन, आशा सिन्हा, मृत्युंजय कुमार, चंद्रमनी प्रसाद, रविरंजन कुमार, विश्वजीत प्रसाद, गोपाल एवं सुधीर कुमार शामिल रहे। सभी लाभुकों को विभाग की ओर से पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

इसके अलावा ऑन द स्पॉट पंजीकरण केंद्र पर योजना के तहत आवेदन करने वाले 17 उपभोक्ताओं को भी सम्मानित किया गया। मेले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक प्रतिनिधियों और सोलर संवेदकों को भी पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने अपने संबोधन में लोगों से सौर ऊर्जा अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे बिजली खर्च में कमी आने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। वहीं जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि सौर ऊर्जा आज की सबसे बड़ी जरूरत बन चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार वर्ष 2030 तक देश की कुल ऊर्जा क्षमता का 50 प्रतिशत हिस्सा गैर जीवाश्म ईंधन आधारित स्रोतों से प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि इससे देश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। उन्होंने छठ महापर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार के लोग सदियों से सूर्य उपासना करते आ रहे हैं और अब सोलर संयंत्र लगाकर सूर्य ऊर्जा का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में विद्युत कार्यपालक अभियंता विकास कुमार ने सभी अतिथियों, बैंक प्रतिनिधियों, उपभोक्ताओं और मीडिया कर्मियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान 93 आवेदकों के ऋण आवेदन विभिन्न बैंकों द्वारा स्वीकृत किए गए तथा 135 लोगों ने योजना में रुचि दिखाते हुए आवेदन की प्रक्रिया शुरू की। कार्यक्रम में कई विद्युत पदाधिकारी, बैंक अधिकारी, सोलर संवेदक एवं बड़ी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित रहे।



# नईसराय में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित प्रसाद डेन्टल क्लिनिक का भव्य उद्घाटन



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शहर के नईसराय स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के सामने बुधवार को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 'प्रसाद डेन्टल क्लिनिक' का भव्य शुभारम्भ किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. अमित कुमार ने फीता काटकर क्लिनिक का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर डॉ. अमित कुमार ने कहा कि प्रसाद डेन्टल क्लिनिक में दांत, मुंह और जबड़े से जुड़ी सभी प्रकार की बीमारियों का आधुनिक तरीके से इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह क्लिनिक आसपास के लोगों के लिए बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

क्लिनिक के संचालक डॉ. रविन्द्र कुमार, डेन्टल सर्जन (इंदौर) ने बताया कि यहां पायरिया, दांत दर्द, मसूड़ों की बीमारी, दांत निकालना, रूट कैनाल तथा अन्य दंत रोगों का आधुनिक उपकरणों से इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर उपचार और उचित परामर्श उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी।उद्घाटन समारोह में डॉ. संजीव कुमार, नितेश कुमार, अविनाश कुमार, सूर्यदेव सिंह, आशुतोष आर्या उर्फ पुट्टु जी, मोहम्मद संजर, डॉ. कैसर एवं डॉ. सुलतान सहित शहर के कई गणमान्य चिकित्सक और स्थानीय लोग मौजूद रहे। लोगों ने क्लिनिक खुलने पर खुशी जताते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा बताया।

# डीईओ कार्यालय के लिपिक पर अनियमितता का आरोप, जांच की उठी मांग




अखिलेंद्र कुमार


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिला राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव मो. रईस अहमद ने जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में कार्यरत एक लिपिक नरेश प्रसाद के कार्यों की जांच कराने की मांग की है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि माध्यमिक शिक्षा शाखा में पदस्थापित लिपिक द्वारा प्रभारी प्रधानाध्यापक के पदस्थापन संबंधी कार्यों में विभागीय नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

पत्र में कहा गया है कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई शिक्षकों ने शिकायत की कि कुछ विद्यालयों में विभागीय निर्देशों की अनदेखी कर कार्य किया जा रहा है। आरोप के अनुसार, नालंदा जिले के एक विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक के सेवानिवृत्त होने के बाद भी अब तक नए प्रभारी का प्राधिकृत आदेश जारी नहीं किया गया है। इससे विद्यालय के प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि एक अन्य उच्च माध्यमिक विद्यालय में विभागीय नियमों के विपरीत कनिष्ठ शिक्षक को प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाए जाने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने इसे गंभीर अनियमितता बताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

मो. रईस अहमद ने जिला पदाधिकारी से अनुरोध किया है कि संबंधित कर्मी एवं पदाधिकारियों की भूमिका की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि शिक्षा विभाग में पारदर्शिता एवं नियमों का पालन बना रहे।

# पटना के बापू सभागार में 15 जून को सम्राट चौधरी का अभिनंदन समारोह



पटना (अपना नालंदा)।बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सम्मान में 15 जून को पटना स्थित बापू सभागार में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन सम्राट अशोक फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। फाउंडेशन के अध्यक्ष निरंजन कुशवाहा पप्पू ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि समारोह को ऐतिहासिक और यादगार बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में देश के कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। विशेष रूप से महाराष्ट्र के समता फुले परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष छगन भुजबल भी समारोह में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों से सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम लोग भाग लेंगे।

निरंजन कुशवाहा पप्पू ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास और समृद्धि की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों, सामाजिक समरसता और जनहित की योजनाओं को देखते हुए यह अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की।

समारोह को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह देखा जा रहा है।

आयोजन समिति की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी संजय भूषण पटियाला ने दी।

# बिहार की समाजसेवी रेनू पासवान को ऑक्सफोर्ड और ब्रिटिश संसद से मिला निमंत्रण



पटना (अपना नालंदा)।बिहार की बेटी और मुज़फ़्फ़रपुर की समाजसेवी रेनू पासवान को इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय तथा लंदन स्थित ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स से विशेष आमंत्रण प्राप्त हुआ है। उन्हें "वर्ल्ड स्कूल समिट - क्लस्टर ऑफ अचीवर्स 2026" में भाग लेने और अपने अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह उपलब्धि पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय मानी जा रही है।

रेनू पासवान तेजस्विनी भारत फाउंडेशन के माध्यम से समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। उन्होंने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, जेंडर समानता और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने संघर्ष और मेहनत से समाज में अलग पहचान बनाई है।

इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में सानिया मिर्ज़ा, सायना नेहवाल, परिणीति चोपड़ा, चेतन भगत और करण जौहर जैसी कई प्रसिद्ध हस्तियों को भी आमंत्रित किया गया है।रेनू पासवान की यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि बिहार की प्रतिभा, संघर्ष और सामाजिक चेतना की वैश्विक पहचान भी है। उनका सम्मान आने वाली पीढ़ियों, विशेषकर युवतियों, के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# नालंदा में पेट्रोल-डीजल और गैस आपूर्ति सामान्य, अफवाहों से बचने की अपील

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बुधवार को जिले में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी तेल विपणन कंपनियों के सेल्स ऑफिसर और जिला के वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है और सभी पेट्रोल पंप पूरी क्षमता के साथ कार्यरत हैं। मांग के अनुसार लगातार आपूर्ति जारी है।

जिलाधिकारी ने तेल कंपनियों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध कराया जाए तथा जरूरत के अनुसार अतिरिक्त स्टॉक भी रखा जाए। उन्होंने कहा कि आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा आने पर तुरंत समाधान कर प्रशासन को सूचित किया जाए, ताकि विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही आम लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और पैनिक खरीदारी से बचने की अपील की गई।

एलपीजी की उपलब्धता पर जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 8511 घरेलू गैस सिलिंडरों की आपूर्ति की जा रही है। बैठक में यह भी बताया गया कि बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव में PNG पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है। अब तक जिले में 1864 लोगों को PNG कनेक्शन दिया जा चुका है।

जिलाधिकारी ने जमाखोरी, कालाबाजारी और घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए लोगों से इसकी सूचना कंट्रोल रूम नंबर 06112-233168 पर देने की अपील की।

# अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटा, दो महिलाएं घायल, एक की हालत गंभीर

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। खोदागंज थाना क्षेत्र के केवाली मोड़ के समीप बुधवार को एक सड़क हादसे में दो महिलाएं घायल हो गईं, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। तेज रफ्तार ई-रिक्शा के अनियंत्रित होकर पलट जाने से यह दुर्घटना हुई।

घायलों की पहचान अडवांस गांव निवासी मुर्शीद आलम की पत्नी शबीना खातून तथा छबीलापुर निवासी संजय कुमार की पत्नी सुलेखा देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, ई-रिक्शा छबीलापुर से खोदागंज की ओर जा रहा था। इसी दौरान केवाली मोड़ के पास एक बाइक चालक अचानक सामने आ गया, जिससे बचने के प्रयास में ई-रिक्शा चालक संतुलन खो बैठा और वाहन पलट गया।हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायलों को तुरंत खोदागंज के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

चिकित्सकों ने बताया कि शबीना खातून की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। वहीं सुलेखा देवी का इलाज स्थानीय स्तर पर जारी है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

घायल सुलेखा देवी ने बताया कि वे दोनों किसी जरूरी काम से खोदागंज जा रही थीं, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।

# हरनौत में खान सर का भव्य स्वागत, खिलाड़ियों और युवाओं में दिखा उत्साह

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। देश के चर्चित शिक्षक एवं मोटिवेशनल स्पीकर खान सर का बुधवार को हरनौत में भव्य स्वागत किया गया। नवादा जाने के दौरान बख्तियारपुर-रजौली फोरलेन स्थित हरनौत बाजार के विश्वकर्मा चौक पर नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार के नेतृत्व में उनका अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर हरनौत नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह, अमित समेत अन्य लोगों ने फूल-माला एवं अंगवस्त्र देकर खान सर का स्वागत किया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। खान सर के आगमन को लेकर युवाओं और खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा गया।

उपस्थित लोगों ने शिक्षा के क्षेत्र में खान सर के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे लाखों छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। लोगों ने उनसे प्रेरणा लेकर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में आगे बढ़ने का संकल्प लिया।वहीं चेरो सूर्य मंदिर तालाब स्थित फोरलेन पर सामाजिक युवा कार्यकर्ता कमलेश कुमार के नेतृत्व में भी खान सर का स्वागत किया गया। मौके पर रौशन कुमार, अजीत, विकास, रविशंकर, परिसर आशा, आभा, अंजली, प्रीति, पल्लवी, रुक्मणी, सिमरन, संतोष कुमार, संजय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# हत्या व हत्या के प्रयास के दो नामजद आरोपी गिरफ्तार

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर हिरासत में हिलसा भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।